प्रारंभिक संबोधन

सत्र – 206

12 फरवरी, 2024

देवेश चन्द्र ठाकुर
सभापति
बिहार विधान परिषद्

माननीय मुख्यमंत्री-सह-सदन नेता,
माननीय उप सभापति,
माननीय मंत्रीगण,
माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल,
माननीय उप मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल,
विभिन्न दलों के माननीय नेतागण,
बिहार विधान परिषद् के सभी माननीय सदस्यगण,
प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण !

बिहार विधान परिषद् के 206वें सत्र में आप सबों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मुझे विश्वास है कि इस सत्र में प्रस्तावित कुल 11 बैठकों में राज्यहित एवं विकास से जुड़े अधिक-से-अधिक विषयों पर सार्थक विमर्श होंगे। आसन्न लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए इस सत्र के दौरान माननीय सदस्यों से यह भी अपेक्षा है कि जनहित की समस्याओं के समाधान हेतु सदन की क्रियाशीलता में सहभागी बनें।

भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा की आकांक्षा आम जनमानस में थी। आज यह हकीकत बन चुकी है। मां सीता की जन्म-स्थली पुनौराधाम के विकास हेतु 72 करोड़ रुपए की योजना का शुभारंभ करना प्रसन्नता का विषय है।

अत्यंत गौरव का विषय है कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' के सम्मान से अलंकृत करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए भारत सरकार एवं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। इस हेतु माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को धन्यवाद देता हूं कि पिछले कई वर्षों से वे यह मांग कर रहे थे

कि समाज के पिछड़ों एवं वंचितों को राजनीति की मुख्यधारा में लानेवाले जननायक कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' दिया जाए। जननायक के इस सम्मान से राज्य ही नहीं पूरा देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

बिहार के लिए यह गौरव का विषय है कि इस राज्य के ही सुलभ आंदोलन के संस्थापक डॉ. बिंदेश्वर पाठक को पद्म विभूषण तथा प्रख्यात चिकित्सक डॉ. चन्देश्वर प्रसाद ठाकुर को पद्म भूषण सम्मान दिए जाने की घोषणा हुई है। इसी के साथ प्रख्यात पत्रकार श्री सुरेन्द्र किशोर, दरभंगा ध्रुपद घराना के पं. रामकुमार मल्लिक, मिथिला लोक चित्रकला के साधक कलाकार श्री शिवन पासवान एवं श्रीमती शांति देवी पासवान तथा टिकुली कला के श्री अशोक कुमार विश्वास को पद्मश्री सम्मान देने की घोषणा की गई है। मैं अपनी ओर से एवं आप सभी लोगों की तरफ से इन सबों को बधाई देता हूं।

बिहार के विकास हेतु योजनाबद्ध प्रयास एवं इसके सफल क्रियान्वयन हेतु माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने सतत मार्गदर्शन दिया है। विकास की इस प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक पांच लाख से अधिक युवाओं को राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में नौकरी दी गई है। विभिन्न स्टार्ट-अप के नूतन प्रयासों को राज्य सरकार का समर्थन मिलने से युवाओं के समक्ष रोजगार के नए-नए अवसर खुले हैं। कृषि प्रधान बिहार राज्य में कृषि रोडमैप से बढ़ी उत्पादकता के कारण बिहार को 5 कृषि कर्मण पुरस्कार मिलना हमें अधिक गौरवान्वित तथा आशान्वित करता है।

सरकार का सबसे अधिक ध्यान समाज के सबसे कमजोर एवं वंचित व्यक्तियों के सामाजिक तथा आर्थिक उत्थान पर है। राज्य के 94 लाख गरीब परिवारों को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की घोषणा कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का प्रयास सराहनीय है।

सरकार द्वारा जातीय एवं आर्थिक गणना कराकर आबादी के अनुरूप हिस्सेदारी देने का प्रयत्न किया गया है। राज्य की नौकरियों में लड़कियों को आरक्षण देकर स्वावलंबी बनाया जाना तथा पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनावों में महिलाओं एवं पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिया जाना प्रशंसनीय कदम है।

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उत्थान हेतु वर्ष 2007 में अलग से विभाग का गठन एवं बजट का प्रावधान आरंभ किया गया था। विभाग के बजट में हुई

वृद्धि यह सकारात्मक संदेश देती है कि इस दिशा में कल्याणकारी कार्य हो रहे हैं। इसी प्रकार पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के विकास पर सरकार लगातार ध्यान दे रही है।

सरकार द्वारा सात निश्चय-1 एवं सात निश्चय-2 के अंतर्गत चलाई गई विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से पूरे देश में राज्य की सकारात्मक छवि उभरी है। स्वच्छ पेय जल और प्रत्येक घर तक बिजली पहुंचाया जाना विकास की राह में सशक्त कदम हैं।

साइकिल-पोशाक योजना ने राज्य में शिक्षा की अलख जगाई है और अब राज्य की लड़कियां सामाजिक सहभागिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं।

बिहार के मो. हुसैन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से नवाजा गया है। 67वां नेशनल स्कूल फुटबॉल अंडर-14 (बालक) में बिहार चैंपियन बना है। तमिलनाडु में सम्पन्न 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' में गोपालगंज के भोरे प्रखंड की सुश्री दुर्गा ने 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता है। सुश्री दुर्गा ने इस स्पर्धा में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी स्थापित किया है। बिहार के ही प्रह्लाद कुमार ने इस प्रतियोगिता के ट्रैक साइकिलिंग रेस में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। इन खिलाड़ियों को बधाई देते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

मुझे विश्वास है कि सदन के सफल संचालन में आप सभी माननीय सदस्यों का रचनात्मक सहयोग प्राप्त होगा और सभी विषयों पर सकारात्मक विमर्श से समाधान के नए रास्ते प्रशस्त होंगे।

सत्र संचालन में पूर्व की भांति परिषद् सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मियों तथा लोकतंत्र के प्रहरी मीडिया के बंधुओं से भी अपेक्षित सहयोग की आशा करता हूं।

अंत में, पुन: आप सबों का हार्दिक स्वागत करता हूं।

देवेश चन्द्र ठाकुर

12 फरवरी, 2024